भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
07.08.2024 के
अतारांकित प्रश्न सं. 2696 का उत्तर

उत्तर भारत के लिए वंदे भारत की स्थिति

2696. श्री परिमल शुक्ला बैद्य:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के पास उत्तर पूर्व के लिए वंदे भारत रेलगाड़ियों की संख्या के संबंध में कोई आंकड़े हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या सरकार का विचार सिलचर से उत्तर पूर्व के राज्यों सहित देश के अन्य भागों के लिए वंदे भारत रेलगाड़ियां शुरू करने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) और (ख): चूंकि, रेल नेटवर्क राज्य की सीमाओं के बाहर फैला होता है, अतः गाड़ियों की शुरूआत उन सीमाओं के आर-पार नेटवर्क की आवश्यकता के अनुसार की जाती हैं। 31 जुलाई, 2024 तक, 102 वंदे भारत गाड़ी सेवाएं भारतीय रेल में चल रही हैं, जो बड़ी लाईन (बीजी) विद्युतीकृत नेटवर्क वाले राज्यों को जोड़ती हैं। इनमें से 06 वंदे भारत एक्सप्रेस सेवाएं अर्थात 22227/22228 न्यू जलपाईगुड़ी-गुवाहाटी वंदे भारत एक्सप्रेस, 22301/22302 हावड़ा-न्यू जलपाईगुड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस और 22233/22234 पटना-न्यू जलपाईगुड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस पूर्वोत्तर सीमा रेलवे के क्षेत्राधिकार में आने वाले राज्यों को सेवित कर रही हैं। वर्तमान में, सिलचर 15 जोड़ी नियमित रेलगाड़ी सेवाओं द्वारा सेवित किया जा रहा है और अन्य बातों के साथ-साथ 02 जोड़ी विशेष रेलगाड़ी सेवाएं इसे महत्वपूर्ण स्थानों यथा दिल्ली, कोलकाता, सिकंदराबाद, तिरुवनंतपुरम आदि से जोड़ती हैं। इसके अलावा, भारतीय रेल पर वंदे भारत गाड़ियों सहित अन्य गाड़ियों को चलाना सतत् प्रक्रिया है जो यातायात औचित्य, परिचालनिक व्यवहार्यता, संसाधनों की उपलब्धता आदि के अध्यधीन है।

****